पत्रांक :

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

एस0 एम0 करीम,
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी विश्वविद्यालय।

पटना, दिनांक......................

विषय : सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस वर्षगांठ दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस वर्षगांठ 31 अक्टूबर, 2014 को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है।

उक्त के आलोक में दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों एवं उसके अधीनस्थ सभी अंगीभूत महाविद्यालयों/घाटानुदानित महाविद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें महाविद्यालयों को निम्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित करनी है:-

1. सभी महाविद्यालय के छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक प्रातः 9:00 बजे अपने महाविद्यालय के प्रांगण में एकत्रित होंगे। एकत्रित होकर सलग्न शपथ पत्र लेंगे (शपथ संलग्न)।
2. जिन महाविद्यालयों के आस-पास दौड़ के लायक जगह हो और जिससे यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित न हो, वैसे महाविद्यालय अपने छात्र/छात्राओं के साथ एकता के लिए दौड़ (**Run for Unity**) आयोजित करेंगे।
3. महाविद्यालयों द्वारा एकता से संबंधित अन्य कार्यक्रम जैसे पेंटिंग, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि भी कराया जा सकता है।
4. उक्त कार्यों का फोटोग्राफी एवं विडियाग्राफी भी कराया जाना अनिवार्य है, जिसके लिए महाविद्यालय विकास मद का उपयोग किया जा सकता है।
5. अन्त में छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा **राष्ट्रगान** गाया जाएगा जिससे कार्यक्रम का समापन होगा।

अनुलग्नक :-यथोक्त।

विश्वासभाजन,

27/10/14

(एस0 एम0 करीम)
निदेशक, उच्च शिक्षा।

New letter A

RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of late Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।